पंजाब केसरी 08/03/2024

जी.एम.एन. कालेज में धूमधाम से मनाया महिला दिवस

अम्बाला, 7 मार्च (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में वूमैन सैल एवं एस.डी.जी. क्लब के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण पर एक व्याख्यान और फन-फिल्ड एक्टिविटी का आयोजन किया गया।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका कमलेश कुमारी ने मुख्य वक्ता उगाड़ा की सरपंच हरिंदर कौर का कालेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। इसके साथ ही प्राचार्य डा. रोहित दत्त द्वारा महिला सहकर्मियों को सरप्राइज के रूप में केक काटकर महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महिलाएं हमारे समाज में नारी शक्ति का सकारात्मक प्रतीक है। हमें उनके योगदान के महत्व को समझना चाहिए।

कालेज की महिला कर्मचारियों के लिए केक काटते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

अपने संबोधन में हरिंदर कौर ने विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण के विषय में बताते हुए हर क्षेत्र में कुछ बड़ा करने और खुद में नेतृत्व क्षमता पैदा करने के लिए प्रेरित किया। डा. के.के. पुनिया ने विद्यार्थियों को सतत विकास के लक्ष्यों के बारे में विस्तार से बताया और ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी के विषय में जानकारी दी।

फनफील्ड एक्टिविटी में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच संचालन डा. रवनीत कौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. अनुराधा, डा. सरोज, डा. भारती, डा. नियति, डा. रवनीत कौर, डा. नीना, डा. सुरजीत आदि मौजूद रहे।